# मांस से भरा ट्रक पकड़ाने के मामले में प्रदर्शन

## तनाव की स्थिति देख नगर निगम ने स्लॉटर हाउस किया सील

**भोपाल, 08 जनवरी. राजधानी भोपाल में बुधवार रात पुलिस मुख्यालय के सामने मांस से भरा ट्रक पकड़े जाने के मामले में निगम प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है.**

हिंदूवादी संगठनों ने जांच रिपोर्ट में गोमांस का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की. तनाव की स्थिति देख नगर निगम ने स्लॉटर हाउस सील कर दिया. जानकारी के अनुसार कमिश्नर कार्यालय के बाहर पहुचें हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता ने जमकर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया है कि जांच रिपोर्ट में गोमांस होने की पुष्टि हो चुकी है. हालांकि, पुलिस प्रशासन ने इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है और पुष्टि भी नहीं की है. संगठन के सदस्यों ने 26 टन मांस होने का दावा किया है. जानकारी के अनुसार बुधवार रात हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने एक ट्रक रोका था, जिसमें मांस के पैकेट मिले थे.



> आरोप है कि यह मांस हैदराबाद और मुंबई के रास्ते विदेश भेजने की तैयारी थी. पुलिस का कहना है कि अंतिम रिपोर्ट और कानूनी प्रक्रिया के बाद ही स्थिति स्पष्ट की जाएगी. वहीं मामले में स्लॉटर हाउस के संचालक असलम चमड़ा को हिरासत में लिए जाने की सूचना है. उससे पूछताछ की जा रही है. पुलिस मांस की सप्लाई चेन के बिंदु पर भी जांच कर रही है.

# खुदाई में फटी थिंक गैस की पाइप लाइन

**पुलिस की तत्परता से टला बड़ा हादसा**

**भोपाल , 08 जनवरी. राजधानी के शाहपुरा इलाके में गुरुवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब थाने के ठीक सामने भूमिगत गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई.**

सड़क किनारे चल रहे खुदाई कार्य के दौरान थिंक गैस की लाइन फूटते ही आसपास गैस फैलने लगी, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई. घटना की जानकारी मिलते ही शाहपुरा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और हालात को संभाला. सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने तत्काल सड़क के दोनों ओर से आवाजाही रोक दी और लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए. संभावित खतरे को भांपते हुए पूरे इलाके को कुछ समय के लिए अलर्ट मोड पर रखा गया. पुलिस की सूचना पर थिंक गैस कंपनी की तकनीकी टीम भी मौके पर पहुंची. कर्मचारियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत शुरू की और गैस सप्लाई को नियंत्रित किया. कुछ ही समय में लीकेज पर काबू पा लिया गया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली. स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यदि गैस लीकेज पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था.



## एक नजर में

### छात्रा की मौत के मामले में पीएम रिपोर्ट का इंतजार

**भोपाल.** चूना भट्टी थाना इलाके में कॉलेज छात्रा की छत से गिरकर संदिग्ध हालत में हुई मौत के मामले में पुलिस को पीएम रिपोर्टका इंतजार है. पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने पर ही छात्रा की मौत का सही कारण साफ हो सकेगा. पुलिस पीएम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की जांच की दिशा तय करेगी. इधर, छात्रा को 1250 अस्पताल ले जाने वाला छात्रा का परिचित युवक कपिल तुषार अस्पताल से ही गायब हो गया था, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है. मिली जानकारी के अनुसार मृतका प्रिया (23) पुत्री कैलाश मेहरा शाहपुरा के ईश्वर नगर की रहने वाली थी.

### फर्जी मरीज दिखाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**भोपाल.** मध्यप्रदेश समेत देशभर के आयुर्वेद सिद्ध और यूनानी मेडिकल कॉलेजों पर नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन ने सख्त रुख अपना लिया है. आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि कॉलेजों द्वारा अगर अस्पताल में मरीजों का ओपीडी या आईपीडी डेटा मनगढ़ंत दिखाया गया या फेक मरीज जोड़कर संख्या पूरी की गई तो एनसीआईएसएम अधिनियम 2020 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी. यह निर्देश मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन के अध्यक्ष डॉ मुकुल पटेल ने दिए है.

### अब घर बैठे मिलेगा डॉक्टर का अपॉइंटमेंट

**भोपाल.** राजधानी में उपचार कराने वालों के लिए राहत की सुविधा शुरू हो गई है. सरकारी और आयुष्मान पंजीकृत निजी अस्पतालों में अब मरीज फोन करके ही डॉक्टर का अपॉइंटमेंट ले सकते हैं. आयुष्मान भारत निरामयम हेल्पलाइन नंबर 18002332085 पर कॉल कर घर बैठे पर्ची बनवाने से लेकर परामर्श तक की प्रक्रिया कर सकते हैं. इस सेवा का अब तक 23 हजार से ज्यादा मरीज लाभ उठा चुके हैं, जिसको लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीष शर्मा ने बताया कि यह सुविधा पूरी तरह निशुल्क है और इससे अस्पतालों में लाइन और समय दोनों की बचत हो रही है. उन्होंने कहा कि सभी आयु वर्ग के मरीज इसका लाभ ले सकते हैं.

# पेयजल की जांच के लिए चलेगा अभियान

**15 फरवरी तक चलेगा अभियान**

**पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने दिए निर्देश**

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 8 जनवरी. पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने विभागीय राज्यमंत्री राधा सिंह एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की गहन समीक्षा की.**

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि सम्पूर्ण प्रदेश में पेयजल की गुणवत्ता जांच का अभियान चलायें. यह अभियान 15 फ़रवरी तक पूर्ण होना चाहिए. बैठक में मंत्री पटेल ने स्पष्ट किया कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता यह है कि सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध रूप से पहुंचे. योजनाओं का प्रभाव धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे. समीक्षा बैठक में मंत्री पटेल ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन विधेयक, 2025 के समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिए कि भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी प्रशासनिक, तकनीकी एवं कार्यात्मक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं, जिससे रोजगार और आजीविका के अवसर सुदृढ़ हो सकें.





# कांग्रेस ने डॉ. रश्मि वर्मा की मृत्यु के मामले में सौंपा ज्ञापन

**भोपाल, 08 जनवरी.** कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने गुरुवार को एम्स भोपाल में कथित प्रशासनिक लापरवाही को लेकर गंभीर चिंता जताई और अस्पताल प्रशासन को ज्ञापन सौंपा. पूर्व कैबिनेट मंत्री पीसी शर्मा के नेतृत्व में मध्यप्रदेश कांग्रेस झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष निकेश ईश्वर सिंह चौहान तथा मप्र युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अनिकेत द्विवेदी ने उप निदेशक संदेश कुमार जैन से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में डॉ. रश्मि वर्मा की मृत्यु का मुद्दा उठाते हुए एम्स प्रशासन पर लगातार लापरवाही और जवाबदेही के अभाव के आरोप लगाए.



# शीतलहर : कई जिलों के स्कूलों में अवकाश

**भोपाल, 8 जनवरी. पिछले 24 घंटों के दौरान मध्यप्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहा. हालांकि ठंड के असर के चलते कई जिलों में शीत लहर, शीत दिन और कोहरे की स्थिति दर्ज की गई. शहडोल एवं छतरपुर (खजुराहो) जिलों में शीत लहर का प्रभाव रहा.**

कई जिलों के शासकीय और अशासकीय स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिए गए हैं। इसी बीच ग्वालियर में 9 और 10 जनवरी नर्सरी से लेकर कक्षा पांचवी तक के बच्चों के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। इसके साथ ही कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा बाहरवीं तक के लिए स्कूलों का समय 10.30 से 3 बजे तक निर्धारित किया गया है।

कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने यह आदेश जारी किया है। वहीं रीवा, टीकमगढ़, निवाड़ी और दतिया जिलों में शीतल दिन की स्थिति बनी रही, जबकि छतरपुर जिले के खजुराहो और नौगांव क्षेत्रों में तीव्र शीतल दिन दर्ज किया गया. पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में भी गिरावट देखी गई.

### नर्मदापुरम में तापमान में बढ़ोत्तरी

न्यूनतम तापमान की बात करें तो नर्मदापुरम संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान में 2.2 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई. अन्य संभागों में न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. रीवा और सागर संभागों के जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.6 से 2.3 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा, जबकि बाकी जिलों में यह सामान्य बना रहा. मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पंजाब एवं आसपास के क्षेत्रों के ऊपर माध्य समुद्र तल से लगभग 3.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर ऊपरी हवा के चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में सक्रिय है.

# शहर के 2 लाख 49 हजार उपभोक्ताओं को मिली छूट

**1 करोड़ 53 लाख 47 हजार रुपए की दिसंबर माह में मिली राहत**

**भोपाल, 08 जनवरी. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 04 लाख 29 हजार 935 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ प्रदान करते हुए दिसंबर 2025 में कुल 02 करोड़ 71 लाख 72 हजार की रियायत प्रदान की गई है.**

जिसमें भोपाल शहर के 02 लाख 49 हजार 467 उपभोक्ताओं को 01 करोड़ 53 लाख 47 हजार रुपये की दिन के टैरिफ में छूट मिली है. कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी खपत के आधार पर टाइम ऑफ डे छूट के तहत यह रियायत प्रदान की गई है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत माह दिसंबर 2025 के दौरान यह छूट प्रदान की गई है. प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है.

# पहली बार वॉटर प्रोजेक्शन से होगा इवेंट

**मुख्यमंत्री करेंगे खेलो एमपी यूथ गेम्स का शुभारंभ**

**भोपाल, 8 जनवरी. खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को बड़े तालाब स्थित वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी पहुंचकर खेलो एमपी यूथ गेम्स की लॉन्चिंग तैयारियों का निरीक्षण किया.**

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक खेल प्रेमियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा सुरक्षा, तकनीकी एवं व्यवस्थागत सभी इंतजाम पूर्णत: पुख्ता हों.

मंत्री सारंग ने बताया कि स्वामी विवेकानंद की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' 12 जनवरी को खेलो एमपी यूथ गेम्स का भव्य शुभारंभ किया जाएगा. यह शुभारंभ कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शाम 6 बजे बड़े तालाब से किया जाएगा.

उन्होंने बताया कि देश में पहली बार लॉन्चिंग इवेंट के दौरान दर्शकों को 4य वॉटर प्रोजेक्शन देखने को मिलेगा. यह वॉटर प्रोजेक्शन दर्शकों को एक इमर्सिव और सिनेमाई अनुभव प्रदान करेगा, जो अब तक राज्य स्तर के किसी भी खेल आयोजन में देखने को नहीं मिला है.

> इवेंट की लॉन्चिंग फ्लोटिंग स्टेज पर की जाएगी, जहाँ 4य वॉटर प्रोजेक्शन इस ऐतिहासिक समारोह का मुख्य आकर्षण होगा. भोपाल के बड़े तालाब की प्राकृतिक भव्यता के बीच जल-परदे पर अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से खेलो एमपी यूथ गेम्स की थीम, लोगो, विजुअल स्टोरी और खेल भावना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इस अत्याधुनिक प्रस्तुति के साथ हाई-क्वालिटी विजुअल डिस्प्ले, टॉर्च लाइटिंग के माध्यम से आकर्षक फायर वर्क तथा 20 फीट ऊँची 'लार्जर दैन लाइफ' जर्सी जैसे विशेष आकर्षण समारोह की भव्यता को बढ़ायेंगे.

# साइबर ठगी गिरोह का किया पर्दाफाश

**20 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**भोपाल, 08 जनवरी. साइबर अपराधों के खिलाफ अभियान को और तेज करते हुए प्रदेशभर में ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया है.**

बीते एक सप्ताह के दौरान पुलिस ने फर्जी ट्रेडिंग एप, 'डिजिटल अरेस्ट' स्कैम, टेलीग्राम आधारित टास्क फ्रॉड और ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ आम नागरिकों को भारी आर्थिक नुकसान से बचाया है. भोपाल में पुलिस ने 'फाल्कन ट्रेडर्स' नामक फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए ठगी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया.



# ट्रैक्शन कन्वर्टर्स की आपूर्ति का किया शुभारंभ

श्रीबीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 08 जनवरी. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने रेल परिवहन क्षेत्र में अपनी 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. प्रतिष्ठित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन परियोजना के लिए अंडरस्लंग ट्रैक्शन कन्वर्टर्स की आपूर्ति प्रारंभ कर दी गई है.**

यह आपूर्ति टीआरएसएल के साथ बीएचईएल के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम द्वारा की जा रही है. इस अवसर पर गुरुवार को बीएचईएल के बेंगलुरु संयंत्र में एक फ्लैग-ऑफ समारोह आयोजित किया गया. समारोह में बीएचईएल की निदेशक (औद्योगिक प्रणाली एवं उत्पाद) बानी वर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए सेमी-हाई-स्पीड अंडरस्लंग ट्रैक्शन कन्वर्टर्स के पहले सेट को रवाना किया. बीएचईएल के निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) एस. एम. रामनाथन तथा टीआरएसएल के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री उमेश चौधरी वर्चुअल माध्यम से समारोह में शामिल हुए. यह उपलब्धि सेमी-हाई-स्पीड प्रोपल्शन क्षेत्र में बीएचईएल के रणनीतिक प्रवेश को दर्शाती है.



> इसके अलावा ट्रैक्शन मोटर्स और ट्रांसफॉर्मर्स जैसे अन्य प्रमुख प्रोपल्शन उपकरण बीएचईएल की भोपाल और झांसी इकाइयों में विकसित एवं निर्मित किए गए हैं. अत्याधुनिक आईजीबीटी आधारित तकनीक से युक्त ये अंडरस्लंग ट्रैक्शन कन्वर्टर्स ट्रेन कोच के नीचे लगाए जाते हैं, जिससे यात्रियों की सुविधा के लिए अंदर अधिक स्थान उपलब्ध होता है और कुल पेलोड क्षमता बढ़ती है.

**तैयारी** | नकल रोकने के लिए हाईटेक कदम, बोर्ड परीक्षा नकेल कसने को होगी डिजिटल ट्रैकिंग और मैंपिंग

# डिजिटल निगरानी से होगी बोर्ड परीक्षा की सुरक्षा

नवभारत प्रतिनिधि,

**भोपाल, 08 जनवरी. आगामी फरवरी में आयोजित होने वाली हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा प्रक्रिया की मैपिंग डिजिटल एप्लिकेशन के जरिये होगी. माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षाओं में नकल रोकने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए मोबाइल ऐप के जरिये हाईटेक तकनीकि अपना रहा है.**

इस लिहाज से परीक्षाओं में प्रश्नपत्र सुरक्षा से लेकर मूल्यांकन तक हर चरण को डिजिटल तरीके से मॉनिटर किया जाएगा. यह जानकारी माशिम जनसंपर्क अधिकारी भूपेश गुप्ता ने दी है. उन्होंने बताया सभी केंद्रों पर मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट आधारित गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जैमर लगाए जाएंगे. उन्होंने बताया दो एप्लिकेशन कंडक्ट ऑफ एक्जाम इन और कमांड कंट्रोल सिस्टम की मदद से परीक्षा प्रक्रिया में डिजिटल निगरानी रखी जाएगी. वहीं प्रत्येक जिले में फ्लाइंग स्कॉट टीम औचक निरीक्षण करेगी, जिसकी संख्या परीक्षा केंद्रों की संख्या के आधार पर तय की जाएगी. इसके साथ ही प्रश्नपत्र को सुरक्षित रखने के लिए इसमें सबसे अहम बात ये होगी कि कलेक्शन सेंटर से प्रश्नपत्र के बॉक्स सीधे केंद्र में पहुंचेंगे और इस पूरे रास्ते को ऐप के जरिये ट्रैक कर इसकी सुरक्षा को सुनिश्चित किया जायेगा. हर सेंटर के लिए एक कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त होगा. जो प्रश्नपत्र को सुरक्षित रूप से पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाएगा. देरी की स्थिति में तुरंत कलेक्टर से जानकारी ली जाएगी. वहीं प्रश्नपत्र को केवल परीक्षा के समय ही कक्ष में छात्रों के सामने खोला जाएगा.



> **3 हजार 856 केंद्रों पर होगी बोर्ड परीक्षा**
>
> जानकारी के अनुसार करीब 9 लाख हाईस्कूल और 7 लाख इंटरमीडिएट छात्र इस परीक्षा में शामिल होंगे. जिसमें निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए 3856 केंन्द्रों में से केवल संवेदनशील परीक्षा केंन्द्रों में ही जैमर और सीसीटीवी लगवाये जोयेंगें. जिसमें 700 परीक्षा केंद्रों में जैमर और 226 में सीसीटीवी लगवाये जा रहे हैं. जिसकी निगरानी मंडल कंट्रोल रूम से की जाएगी.

### उत्तरपुस्तिकाओं पर बार कोड से सुरक्षित होगा मूल्यांकन

इस बार उत्तरपुस्तिकाओं पर बार कोड का उपयोग किया जाएगा. इससे छात्रों की पहचान गोपनीय रहेगी और कॉपियां दूसरे जिलों के साथ अपने जिलों में भी जांची जा सकेंगी. जो मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक निष्पक्ष और तेज बनाने में सहायक होगी.

# हिस्ट्रीशीटर बदमाश सुनील पंथी पत्नी सहित गिरफ्तार

**4 लाख 75 हजार कीमत के जेवर बरामद**

**भोपाल, 08 जनवरी. चोरी गए सोने चांदी के आभूषण व अज्ञात आरोपी की तलाश के दौरान ह्युमन इंटलीजेंस के आधार पर आरोपी सुनील पंथी पिता फत्तूलाल पंथी उम्र 42 साल निवासी हरीजन बस्ती टीला जमालपुरा को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई. यहां आरोपी ने चोरी करना कबूल किया.**

उसने बताया कि मैंने अपनी पत्नी की मदद से 2 जोड़ी सोने के कडे, 1 सोने का मंगलसूत्र, 1 जोड़ी कान के टॉप्स, 2 सोने की हाय जैस कई आभूषण चोरी किए थे. पुलिस ने ये सभी आभूषण जब्त किए, इनकी कीमत 4 लाख 75 हजार बताई गई. इसी के साथ घटना में प्रयोग किए गए खिड़की काटने के औजार आरी भी जब्त किए गए. आरोपी सुनील के खिलाफ थाने में 15 अपराध पंजीबद्ध है तथा पूर्व में तीन बार आरोपी के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की जा चुकी है.

